21 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 10/21/2026 10:06 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 22 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 सोनहत में हाथियों की दस्तक, रौंदी फसल



खबर संक्षेप

सीएचसी के बाहर लगा था ताला, तड़पती रही प्रसूता

अंबिकापुर। बलरामपुर जिले के राजपुर विकासखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है। राजपुर के पीएचसी रेवतपुर में चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी ताला लगाकर नदारत रहे जबकि प्रसूता अस्पताल के बाहर प्रसव पीड़ा से तड़पती रही। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मामले में सीएमएचओ ने जांच के निर्देश दी है। बताया जा रहा है कि 20 अक्टूबर को परिजन प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला को लेकर राजपुर सीएचसी के अंतर्गत आने वाले रेवतपुर पीएचसी लेकर पहुंचे थे लेकिन दिन के समय ही पीएचसी में ताला लगा हुआ था। ड्यूटी के टाइम पर अस्पताल एक चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी नदारत थे। ऐसे में आक्रोशित परिजन ने घटना का वीडियो बानाकर वायरल कर दिया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद सीएमएचओ डॉ. विजय सिंह ने बीएमओ राजपुर को मामले की जांच निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि सूचना के बाद मामले की जांच चल रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षक के सुने घर में चोरों ने दी दबिश नगदी समेत सोने-चांदी के जेवरात हुए चोरी

बिश्रामपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम सतपता चन्द्रिकापारा निवासी शिक्षक देवचरण राम के सुने घर में दबिश देकर अज्ञात चोरों ने करीब 23 हजार रुपये नगदी रकम समेत सोने चांदी के जेवरात पार कर दिया,कुल चोरी हुए सामान की कीमत ढाई लाख से तीन लाख के बीच आंकी गई है। बताया गया कि शिक्षक देवचरण राम सूरजपुर जिला मुख्यालय के स्कूल में पदस्थ हैं,वे सपरिवार सतपता में रहते हैं,बीती रात वे सपरिवार विजयादशमी मेला घूमने गए थे,इस दौरान उन्होंने घर में ताला लगा दिया था,प्राप्त जानकारी अनुसार अज्ञात चोर इस दौरान रात्रि आठ बजे से दस बजे के बीच घर को सुना पाकर प्रवेश द्वार का ताला तोड़ते हुए भीतर घुसे एवं दो आलमीरा के लॉक तोड़कर उसमें रखे 23 हजार रुपये नगदी रकम सहित जेवरात झुमका,अंगूठी,चैन, पायल सहित अन्य समान अपने साथ ले भागे,जब शिक्षक मेला से वापस लौटे तो पाया कि उनके घर का दरवाजा टूटा हूआ है और भीतर पूरा समान बिखरा पड़ा है,जब उन्होंने पूरे सामानों का मिलान किया और थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी,घटना में स्थानीय बदमाश युवकों की संलिप्तता होने की पुलिस जांच कर रही है।

बांकी डेम में 75 प्रतिशत जल भराव

मानसून की समाप्ति के बाद तीन बांध लबालब, बांकी की नहीं बुझ पाई प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मानसून का सीजन समाप्त हो चुका है। मानसून के बादलों की वापसी के स्थ ही 15 अक्टूबर से रैनी सीजन की भी समाप्ति हो गई। इस बीच सरगुजा में इस वर्ष अच्छी बारिश हुई। सरगुजा में सामान्य से 122 मिमी अधिक वर्षा दर्ज की गई। अच्छी बात यह है कि इस बार सरगुजा के जलाशय भी लबालब हो गए है लेकिन इस बार भी बांकी बांध की प्यास नहीं बुझ पाई है।

खास बात

- शहर में इसी बांध से होती है पेयजल की आपूर्ति

बता दें कि सरगुजा में इस बार मानसून सीजन में अच्छी बारिश हुई है। इस बार मानसून सीजन में 1322 मिली मीटर वर्षा रिकार्ड की गई जबकि सरगुजा में सामान्य वर्षा 1200 मिमी है। ऐसे में इस बार सामान्य से 122 मिमी अधिक वर्षा दर्ज की गई है। बारिश के मौसम में नदी नाले उफान पर रहे तो वहीं बांधों में इस बार क्षमता से अधिक जल भराव हुआ। जल संसाधन विभाग को घुनघुट्टा बांध के गेट खोलकर क्षमता से अधिक पानी को निकालना पड़ा। सरगुजा जिले में मौजूद चार बड़े बांधों में तीन बांधों में वर्तमान 100 प्रतिशत जल भराव हो चुका है जबकि जिले में मौजूद छोटे बड़े मिलाकर 62 बांध वर्तमान में भर चुके है। इनमें से जिले के सबसे महत्वपूर्ण घुनघुट्टा बांध में भी शत प्रतिशत जल भराव हो चुका है। अधिकारियों के अनुसार घुनघुट्टा बांध की क्षमता 62 एमसीएम है जबकि वर्तमान में यह अपनी क्षमता से शत प्रतिशत भर चुका है। इसी तरह लखनपुर कुंवरपुर जलाशय की क्षमता 15.62 एमसीएम व बरनई सिंचाई बांध की क्षमता 11.15 एमसीएम है और दोनों ही बांध शत प्रतिशत भर चुके है।



बांकी डेम।

बांकी में 75 फीसदी पानी

इस वर्ष बारिश में जहां एक तरफ सभी बांध लबालब हो चुके है तो वहीं बांकी बांध इस बार भी लक्ष्य से काफी पीछे रह गया। बांकी बांध की क्षमता 17 एमसीएम है और इस बांध में 77 प्रतिशत तक जल भराव हुआ और वर्तमान में बांध में 75 प्रतिशत पानी शेष है। बड़ी बात यह है कि बांकी बांध शहर की प्यास बुझाने का काम करता है। बांकी बांध से नगर निगम में पानी की सप्लाई की जाती है। अधिकारियों के अनुसार बांकी बांध से नगर निगम को पेयजल आपूर्ति के लिए एक साल में 8.93 एमसीएम पानी दिया जाता है। इसी तरह घुनघुट्टा बांध से भी नगर निगम क 8.93 एमसीएम पानी दिया जाता है।

भर गए है सभी जलाशय

इस बार सरगुजा में अच्छी बारिश हुई है। बारिश से घुनघुट्टा बांध, बरनई और कुंवरपुर जलाशय शत प्रतिशत भर गए है जबकि बांकी में वर्तमान में 75 फीसदी पानी है। पेयजल सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं आएगी।

-अशोक निरंजन
ईई जल संसाधन विभाग

टक्कर के बाद मोपेड सवार दोस्तों को सरिया लोड ट्रेलर ने कुचला, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

बुधवार को विजयादशमी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई जब दो घरों के बच्चों की सड़क हादसे में मौत हो गई। मोपेड सवार दोस्त दहशरा मेला देखकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार सरिया लोड ट्रेलर के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए वाहन को टक्कर मार दी। इस घटना में दो किशोरों की ट्रेलर के नीचे कुचलने से मौत हो गई जबकि मोपेड चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

- दशहरा मेला देखकर लौट रहे थे तीन दोस्त, मातम में बदली विजयादशमी की खुशियां

घटना की सूचना के बाद पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और ट्रेलर को जब्त कर घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम सोनतराई सड़कपारा निवासी 25 वर्षीय योगेश कुमार अपने दो नाबालिग दोस्त 15 वर्षीय सूर्यकांत पैकरा आ. हरिलाल पैकर व 16 वर्षीय पवन मांझी आ. सुशीत मांझी के साथ मंगलवार को दशहरा का मेला देखने विकासखंड बतौली के ग्राम शांतिपारा गया हुआ था। तीनों दोस्तों ने पूरी रात दशहरा मेला घूमा और बुधवार की सुबह 5 बजे मोपेड क्रमांक सीजी 15 डीआर 2726 से अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बिजली सब स्टेशन ग्राम काराबेल के पास सामने से आ रहे सरिया लोड ट्रेलर क्रमांक एचआर 38 एएम 9613 ने विपरीत दिशा में जाकर मोपेड को टक्कर मार दी। ट्रेलर की टक्कर से मोपेड चला रहा युवक योगेश दूर जा गिरा जबकि पीछे बैठे नाबालिग सूर्यकांत और पवन को ट्रेलर अपनी चपेट में लेते हुए बुरी तरह रौंद दिया। सरिया लोड ट्रेलर द्वारा रौंदे जाने से दोनों नाबालिगों के शरीर क्षतविक्षत हो गया। हादसे को अंजाम देने के बाद ट्रेलर सौ मीटर दूर जा कर रुक गया और चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल के एवं मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को एम्बुलेंस के माध्यम से हॉस्पिटल भिजवाया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव घरवालों को सौंप दिया गया। पुलिस ने इस मामले में चालक के विरुद्ध धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज करते हुए वाहन को जब्त कर मामले की जांच में जुटी हुई है। इस घटना में दो नाबालिग युवकों की मौत से दशहरा की खुशियां दो परिवारों के लिए मातम में बदल गई। इस घटना के बाद से घरवालों का रो रोकर बुरा हाल है।



दशहरा मेला देखने जा रहे युवकों की बाइक पेड़ से टकराई, एक की मौत

डांडगांव। दशहरा मेला देखने जा रहे युवकों की बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद विजयादशमी की खुशियां मातम में बदल गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि उदयपुर विकासखंड के ग्राम रिखी निवासी 22 वर्षीय राजाराम 29 वर्षीय परसादी दास बाइक से दशहरा मेला देखने के लिए ग्राम पलका जा रहे थे। इस दौरान ग्राम खोंधला मोड़ बाजार के पास सामने से आ रही एक बाइक के हैंडल से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों सवार बाइक सहित सड़क पर फिसलते हुए सड़क किनारे मौजूद पेड़ के ठूंठ से जा टकराए। हादसे में राजाराम के सिर में चोट आई, जबकि परसादी दास के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।



दुर्गा पंडाल में चोरों ने महिला के गले से पार किया मंगलसूत्र

अम्बिकापुर। सीतापुर तहसील कार्यालय के समीप निवासी रूकमणी गुप्ता 19 अक्टूबर की शाम स्टेडियम ग्राम में स्थापित दुर्गा पंडाल में आरती में शामिल होने गई। इसी दौरान महिला के गले में पहने सोने की मंगलसूत्र को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

दशहरे की रात युवक ने पत्नी को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दशहरा की रात एक सनकी युवक ने शराब के नशे में पत्नी की डंडे, पाइप से बेदम पिटाई करने के बाद ही कराकट पटककर उसकी हत्या कर दी। दशई त्यौहार के दौरान डीजे में नाचने के दौरान हुए मामूली घरेलू विवाद में की गई इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा जांच करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और प्रकरण की विवेचना चल रही है।

बताया जा रहा है कि दशहरा के अवसर पर 20 अक्टूबर की रात कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम केपी में बसंत गिरी के घर पर डीजे बजाकर गांव के लोग नांच गा रहे थे। इस दशई त्यौहार में नाचने के लिए केपी बाबापारा 36 वर्षीय आलोक गिरी आ. बुटु गिरी पत्नी मानमती के साथ गया हुआ था। डीजे में नाचने के दौरान घरेलू बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद होने पर आरोपी आलोक गिरी बसंत गिरी के घर में ही पत्नी की पिटाई शुरू कर दी।



आरोपी पत्नी को मारते हुए घर लेकर गया। आरोपी ने घर वापस आने के बाद उसके लोहे के पाइप, लकड़ी के डंडे से उसकी पिटाई की। इसके बाद जब महिला घायल होकर जमीन पर गिर गई तो आरोपी ने एलवेस्टर सीट(कराकट) को उसके सिर पर पट दिया जिससे महिला की मौत हो गई। पत्नी की मौत के बाद आरोपी घर से भाग निकला। भागते समय रास्ते में अंबिकापुर से रावण दहन देखकर वापस लौट रहे रिश्तेदार मिले। रिश्तेदारों ने जब उससे बात की तो आरोपी ने उन्हें परसा जाने की बात कही लेकिन युवक की हरकतों को देककर संदेह के आधार पर रिश्तेदार उसके घर पहुंचे जहां आरोपी की पत्नी मानमती घर में जमीन पर मृत पड़ी थी और उसके शरीर पर चोट के गंभीर निशान थे। ऐसे में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद थाना प्रभारी कोतवाली अखिलेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव पहुंची और लाश को मर्च्युरी में भेजा। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी राजेश अग्रवाल ने जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कोतवाली पुलिस मामले में आरोपी की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने जांच उपरान्त आरोपी आलोक गिरी आ. बुटु गिरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त प्रयुक्त लोहे का पाईप, लकडी का डण्डा, कारकट सीट का टुकडा जब्त किया गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

हाथी के हमले में घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

अंबिकापुर। जिले के उदयपुर ब्लॉक में इन दिनों हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथी अलग अलग दलों में विचरण करने के साथ ही फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। हाथियों का दल अक्सर मुख्य मार्ग पर नजर आता है जबकि कुछ हाथी दल से अलग होकर भी घूम रहे है जो खतरनाक साबित हो रहे है। ऐसे ही एक मामले में हाथी के हमले में घायल ग्रामीण की मौत हो गई। ग्राम महेशपुर निवासी 60 वर्षीय मोहन कुजूर आ. विश्वनाथ कुजूर 6 अक्टूबर की सुबह 7 बजे शौच के लिए घर से निकला था। इस दौरान उसका सामना हाथी से हो गया। हाथी ने ग्रामीण को लात से मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया था। हाथी के हमले में ग्रामीण को सीने में गंभीर चोट आई थी जबकि उसका जबड़ा टूट गया था। घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए परिजन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर में भर्ती कराया गया था जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। मेडिकल कॉलेज से भी उपचार के बाद ग्रामीण को मेकाहारा रिफर किया गया था। घायल बुजुर्ग का मेकाहारा में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान ग्रामीण की सोमवार की सुबह मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत के बाद मंगलवार को उसका शव गृह ग्राम लाया गया जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। बुजुर्ग की हाथी के हमले में मौत से शोक का माहौल है।



MARK OF EXCELLENCE

मार्क हॉस्पिटल में

उन्नत गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सेवाएँ

लिवर, पेट एवं पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों की आधुनिक जाँच, एंडोस्कोपी तथा विशेषज्ञ उपचार अब एक ही छत के नीचे।

- छाती में जलन व खट्टी डकार
- उल्टी, हिचकी, खून की उल्टी
- खाना निगलने में परेशानी
- कभी भी निगली वस्तु व आहार नली की समस्या
- दूरबीन द्वारा पेट व आँत की जांच
- दस्त में खून, लंबे समय से कब्ज़
- पीलिया, हेपेटाइटिस, लिवर सिरोसिस
- पेट की टी.बी., पेट में पानी पैंक्रियाज़ रोग का इलाज



प्रमुख सर्जरी

- अपेंडिक्स की सर्जरी
- पित्त की थैली की पथरी
- हर्निया का लेप्रोस्कोपिक विधि से सर्जरी
- आंतों की रुकावट का उपचार
- पेट एवं आंतों के ट्यूमर की सर्जरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- पेट की आपातकालीन सर्जरी
- पेट की गांठ एवं सूजन का उपचार

✓ अनुभवी गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट
✓ आधुनिक एंडोस्कोपी सुविधा
✓ सटीक जाँच एवं प्रभावी उपचार
✓ लिवर एवं पाचन रोगों की सम्पूर्ण देखभाल

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
AdPRAYAS

21 Ambikapur-pg 2_Layout 1 10/21/2026 10:02 PM Page 1

खबर संक्षेप

आज से स्कूलों के खुलेंगे पट

बैकुण्ठपुर। दशहरा अवकाश के बाद आज से जिले भर के स्कूलों के बंद पट खुल जाएंगे। इसके साथ ही फिर से स्कूल परिसर विद्यार्थियों की उपस्थिति से गुलजार होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 17 अक्टूबर से विद्यालयों में दशहरा का अवकाश घोषित किया गया था। पॉच दिनों के अवकाश के बाद आज गुरूवार से स्कूल खुलेंगे। वही एक पखवाडे पश्चात विद्यालयों में दीपावली पर्व का अवकाश शुरू हो जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने दीपावली का अवकाश 6 नवंबर से 11 नवंबर तक घोषित की है। दीपावली के अवकाश में एक दिन की बढ़ोतरी की गई है।

31 दिसंबर तक लगेंगे वित्तीय समावेशन शिविर

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले में वित्तीय समावेशन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए 21 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक ग्राम पंचायत एवं शहरी स्थानीय निकाय स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। अग्रणी बैंक कार्यालय कोरिया के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश पर यह अभियान चलाया जाएगा। अग्रणी जिला प्रबंधक एसबी पाठक ने बताया कि शिविरों में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जनधन खातों से संबंधित कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही अपरिचालित खातों को सक्रिय करने, जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष में अंतरित खातों तथा री-केवाईसी और सी-केवाईसी से संबंधित कार्य भी बैंकों द्वारा किए जाएंगे। पंचायतवार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविर आयोजित होंगे, ताकि लोगों को स्थानीय स्तर पर बैंकिंग सुविधाएं मिल सकें।

30 तक कराएं ई-केवाईसी

मनेन्द्रगढ़। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन कार्डधारी हितग्राहियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जिले के सभी राशन कार्डधारियों को अपने राशन कार्ड में पंजीकृत सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण कराने तथा जिन सदस्यों का ई-केवाईसी अभी तक नहीं हुआ है, उनका आवश्यक सत्यापन कराने की अपील की गई है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, नवा रायपुर के निर्देशानुसार जिले में यह पूरी प्रक्रिया 30 अक्टूबर 2026 तक पूर्ण कराई जानी है। जिला खाद्य शाखा ने सभी राशन कार्डधारी परिवारों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कराएं।

लोलकी और जोगिया के ग्रामीणों में दहशत, फसल बचाने रातभर कर रहे रतजगा

सोनहत में हाथियों की दस्तक, रौंदी फसल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के वनांचल सोनहत जनपद क्षेत्र में हाथियों के दो दलों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाथियों के दल ने क्षेत्र के कई किसानों के खेतों में पहुंचकर धान की खड़ी फसल को रौंदने के साथ ही उसे खाकर नुकसान पहुंचाया है।

हाथियों की आमद की सूचना मिलने के बाद वन विभाग का अमला लगातार निगरानी कर रहा है। वहीं प्रभावित गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क रहने, हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और उनके साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं करने की समझाइश दी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनहत जनपद क्षेत्र के ग्राम लोलकी और जोगिया के आसपास के जंगलों में पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से हाथियों के दल की मौजूदगी बनी हुई है। हाथी कई बार जंगल से निकलकर रहवासी क्षेत्र के आसपास पहुंच रहे हैं। इस दौरान किसानों के खेतों में घुसकर धान की फसल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इससे प्रभावित गांवों के ग्रामीण अपनी फसल बचाने और जान-माल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। हाथियों की आवाजाही के कारण ग्रामीण रात में भी सतर्क रहने और रतजगा करने को मजबूर हैं।

कछाड़ी बीट में चार हाथियों का दल

जानकारी के अनुसार, सोनहत जनपद क्षेत्र की कछाड़ी बीट में चार हाथियों का दल डेरा जमाए हुए है। वहीं जोगिया बीट में भी हाथियों के एक अन्य दल की मौजूदगी बताई जा रही है। दो अलग-अलग क्षेत्रों में हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। वन विभाग का मैदानी अमला हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए है। साथ ही ग्रामीणों को हाथियों के नजदीक नहीं जाने, उन्हें उकसाने से बचने और सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी जा रही है। हाथियों के दल ने कछाड़ी बीट क्षेत्र में कई किसानों के खेतों में पहुंचकर धान की खड़ी फसल को रौंद दिया। वहीं कुछ खेतों में धान की फसल खाकर भी नुकसान पहुंचाया गया है। फसल बर्बाद होने से प्रभावित किसान परेशान हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से फसल नुकसान का आकलन कराकर नियमानुसार मुआवजा देने की मांग की है। वहीं हाथियों की लगातार आवाजाही को देखते हुए ग्रामीणों को सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है।

दूसरे दिन भी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

धूमधाम से निकली यात्रा, जमकर थिरके श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शारदीय नवरात्र में 9 दिनों तक शक्ति की देवी की आराधना विधि-विधान के साथ करने के बाद दशमी तिथि मंगलवार को शहर सहित अंचल में स्थित कई दुर्गा पूजा समितियों के द्वारा पूजा पण्डालों में स्थापित माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया, वहीं कुछ जगहों की प्रतिमाओं का विसर्जन दूसरे दिन बुधवार को किया गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को शहर के प्रेमाबाग, एसईसीएल कॉलोनी सहित अन्य जगहो पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन की झांकी निकाल कर विसर्जन कुण्ड स्थल पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया। इसके एक दिन पूर्व शहर के कचहरीपारा, स्कूलपारा सहित अधिकांश जगहों पर विराजी गई दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन गाजे बाजे के साथ किया गया। झुमका बांध तट पर स्थित कुण्ड मूर्ति विसर्जन के लिए कतार लगी थी और देर रात तक विसर्जन का क्रम चलता रहा। शेष स्थानों पर बची हुई मां दुर्गा की प्रतिमाओं को गाजे बाजे के साथ विसर्जन के लिए ले जाया गया।



बनी विवाद की स्थिति

मंगलवार को शहर के स्थानों पर स्थापित देवी मूर्तियों का विसर्जन के लिए झुमका तट स्थित कुण्ड पर विसर्जन के लिए वाहनों की प्रतिमाओं को सजाकर विसर्जन के लिए ले जाया गया था जहां एक-एक कर सभी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा था। इसमें वक्त लगने के कारण कई जगहो की देवी प्रतिमाओं के वाहन कतार में लगे थे इसी दौरान जमकर विवाद होने की जानकारी है। उल्लेखनीय है कि विसर्जन स्थल पर देर रात तक विसर्जन का क्रम चलता रहा।

बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम में लगेंगी विभागीय प्रदर्शनियां, स्थानीय कलाकार देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

सशक्त नारी, युवा उड़ान थीम पर 2 नवंबर को मनेगा राज्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में 2 नवंबर को एक दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर स्थित मिनी स्टेडियम में होने वाले इस आयोजन की मुख्य थीम सशक्त नारी, युवा उड़ान होगी।



कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने बुधवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में बैठक लेकर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को शासन के निदेर्शों के अनुरूप तैयारियां सुनिश्चित करने और अपने-अपने विभाग की प्रदर्शनी के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। राज्योत्सव स्थल पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों में विभागीय उपलब्धियों, राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं और सफल परियोजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कल्याणकारी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाएगा। आयोजन में स्थानीय कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। कलेक्टर ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शालीनता बनाए रखने के निर्देश दिए। राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 से 3 नवंबर तक जिला मुख्यालय के शासकीय भवनों पर रोशनी की जाएगी।

कलेक्टर ने प्रकाश व्यवस्था में भी सशक्त नारी, युवा उड़ान थीम को प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। निजी संस्थाओं को भी अपने भवनों पर रोशनी करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेंद्र श्रीवास, अपर कलेक्टर डी.डी. मण्डावी, बैकुंठपुर एवं सोनहत के एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

लापरवाही पर बुड़ार के प्रधान पाठक निलंबित

बैकुण्ठपुर। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार जिले में शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं विद्यालय संचालन में अनियमितताएं पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया ने पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला बुड़ार, विकासखंड बैकुंठपुर के प्रधान पाठक अनिल कुमार पैकरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में 16 अक्टूबर 2026 को आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार, 30 सितंबर को सहायक संचालक शिक्षा, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोरिया एवं प्रभारी प्राचार्य, जेम्स सोनहत द्वारा विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान प्रधान पाठक के कर्तव्य अवधि में मदिरा सेवन की स्थिति में विद्यालय में उपस्थित होने का उल्लेख किया गया है। संबंधित द्वारा कभी-कभार शराब सेवन करने की बात स्वीकार किए जाने का भी आदेश में उल्लेख है। निरीक्षण में पाया गया कि प्रधान पाठक बिना अनुमति शाला भवन के अतिरिक्त कक्ष का उपयोग व्यक्तिगत निवास के रूप में कर रहे थे, जिससे विद्यालय का शैक्षणिक एवं प्रशासनिक वातावरण प्रभावित हो रहा था। शिक्षक दैनंदिनी का संधारण भी नहीं किया गया था।

मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर सुहागिनों ने मांगा अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद



चरचा कॉलरी। शारदीय नवरात्र पर्व के समापन अवसर पर नगर पालिका शिवपुर-चरचा के चरचा कॉलरी क्षेत्र में मां दुर्गा की आराधना, भक्ति और श्रद्धा का अनुपम नजारा देखने को मिला। नौ दिनों तक विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के बाद माता रानी की विदाई से पूर्व विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर अखंड सौभाग्य, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। पूरे क्षेत्र में माता रानी के जयकारों और भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। शारदीय नवरात्र के दौरान चरचा क्षेत्र के सुभाष नगर दुर्गा पूजा पंडाल, मिलनी क्लब बंगाली समाज दुर्गा पूजा पंडाल तथा एसईसीएल चरचा आरओ द्वारा हनुमान मंदिर परिसर में स्थापित दुर्गा पंडाल में नौ दिनों तक श्रद्धा और उत्साह के साथ धार्मिक आयोजन किए गए। सभी पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह और शाम होने वाली आरती, भजन-कीर्तन तथा धार्मिक अनुष्ठानों में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

NAME CHANGE DECLARATION

ASHOK KUMAR GUPTA S/O SHYAM SUNDAR GUPTA, Resident of H.NO. 41, NEHRU WARD NO. 24, NEAR SHARMA TENT HOUSE, SATTI PARA, AMBIKAPUR, DISTT-SURGUJA, CHHATTISGARH 497001 hereby declare that I have changed my name from ASHOK KUMAR GUPTA S/O SHYAM SUNDAR GUPTA to ASHOK PRASAD GUPTA S/O SHYAM SUNDAR GUPTA The above name change shall be used in all government- approved identity proofs and for other lawful purposes in the future

Deponent
ASHOK PRASAD GUPTA
s/o SHYAM SUNDAR GUPTA
Resident of H.NO. 41, NEHRU WARD NO. 24, NEAR SHARMA TENT HOUSE, SATTI PARA, AMBIKAPUR, DISTT-SURGUJA, CHHATTISGARH 497001

पुलिस स्मृति दिवसः अमर शहीदों के बलिदान को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पुलिस स्मृति दिवस पर 21 अक्टूबर को रक्षित केंद्र बैकुण्ठपुर में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विधायक, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी, जनप्रतिनिधियों और मीडियाकर्मियों के द्वारा शहीद स्तंभ पर वीर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

विदित हो कि देश की सुरक्षा, शांति और जनसेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिस शहीदों की स्मृति में रक्षित केन्द्र मैदान बैकुंठपुर में पुलिस स्मृति दिवस 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8:45 बजे हुआ तथा संपूर्ण परेड का संचालन रक्षित निरीक्षक नितीश आर. नायर द्वारा किया गया, जिन्होंने शहीद परेड एवं शोक शस्त्र की कार्रवाई का निर्देशन करते हुए श्रद्धांजलि समारोह को अनुशासित ढंग से संपन्न कराया। शहीद स्मृति दिवस परेड में पुलिस अधीक्षक कोरिया हरीश राठौर के द्वारा शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए साथ में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विधायक बैकुंठपुर एवं पूर्व मंत्री भईयालाल रजवाड़े, कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस नजीर अजहर, तहसीलदार प्राजंल मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, एसडीओपी मोहसीन खान सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम परेड द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

TOP IN SURGUJA



राशिफल

मेष मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

मिथुन मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

कन्या नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

तुला आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

वृश्चिक मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

धनु व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

मकर आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

कुंभ आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

मीन अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता








ग्रामीण अंचलों के पीडीएस दुकानों में हो रहा खराब चावल का वितरण

कोरबा। नागरिक आपूर्ति निगम के क्वालिटी इंस्पेक्टर के द्वारा क्लीन चिट दिए जाने के बाद ही पीडीएस दुकानों में चावल की सप्लाई की जाती है। उसके बाद भी पाली और करतला जैसे क्षेत्रों में खराब चावल वितरण के मामले सामने आने के साथ क्वालिटी इंस्पेक्टर की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। जिले में चावल की आपूर्ति राइस मिलरों के द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में की जाती है। एक क्विंटल धान के बदले 65 किलो चावल जमा कराया जाता है।





शब्द पहेली - 6385



बाएँ से दाए-
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होना-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

ऊपर से नीचे
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

शब्द पहेली -6384 का हल

■	स	ला	म	त	■	म	हा	व	र	■
का	म	■	ही	र	■	म	सि	■	थ	ल
की	■	शा	न	■	वं	■	ल	क	■	ध्य
■	■	य	■	म	हा	न	■	र	■	■
■	फ	र	मा	न	■	र	स	खा	न	■
का	की	■	ल	■	■	■	न	■	र	लि
■	र	नि	वा	स	■	ह	म	द	म	■
■	■	य	■	र	ज	क	■	स्त	■	■
जा	■	म	जा	■	हो	■	श	क	■	का
न	शा	■	थ	म	■	या	प	■	सा	या
■	म	हा	का	ल	■	ल	ध	प	थ	■

सूडोकु नवताल- 6395

सरल

7	8				2	6		3
			4					
1	3	5		8				
	2			1			7	8
6	7			9			2	
				6		5	9	2
					3			
2		8	5				6	1

MANGAL SENVACHA, BANGA.ORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6394 का हल

4	3	2	9	5	6	1	7	8
6	8	5	7	1	4	9	2	3
9	1	7	3	8	2	4	5	6
3	4	8	6	2	7	5	1	9
5	6	1	8	4	9	2	3	7
2	7	9	5	3	1	6	8	4
1	9	3	4	7	5	8	6	2
8	2	4	1	6	3	7	9	5
7	5	6	2	9	8	3	4	1

खबर संक्षेप



लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में हुआ विशाल रावण दहन

सीतापुर। विजयादशमी के अवसर पर लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में 50 फीट ऊंचा रावण का पुतला दहन किया गया। रावण दहन से पहले राम लक्ष्मण एवं सीता की झांकी शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम पहुंची। स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो की उपस्थिति में भव्य आतशबाजी के साथ रावण दहन किया गया। इस अवसर पर आदर्शनगर दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता समेत हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

रावण दहन से पहले ही लगा दी आग, पुलिस ने संभाली स्थिति



रामानुजनगर। परशुरामपुर में दुर्गा समिति द्वारा नवनिर्मित रावण में अज्ञात व्यक्ति द्वारा दहन से पहले ही आग लगा दी गई, जिससे गांव में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी। पुलिस ने एक संदेही व्यक्ति को पकड़कर थाने लाकर पूछताछ की। संदेही ने नया रावण बनाकर समिति को देने और बुधवार को रावण दहन करने की अर्जी दी, जिस पर समिति के लोगों ने माफी स्वीकार करते हुए राजी हो गए। आज एक दिन बाद रावण का दहन किया गया, जिससे गांव में पुनः खुशी बरकरार हो गई।

भव्य कलश यात्रा से हुआ भागवत कथा का शुभारंभ



अम्बिकापुर। ओंकारेश्वर शिव मंदिर राजेंद्र नगर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा से हुआ. जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा उपरांत भागवत परिक्रमा कथा एवं नारी चरित्र का महत्व बताया गया, साथ ही झांकियां का भी दिग्दर्शन कराया गया। शिव मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस श्रद्धालुओं की कलश यात्रा सुबह 9 बजे गांधीनगर हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मुक्तिपारा शिव मंदिर होते आयोजन स्थल पर समाप्त हुई। व्यास पीठ से कथावाचक ललित नरेंद्र महाराज ने भागवत परिक्रमा महात्मा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे सौ जन्मों के पापों से छुटकारा मिल जाता है। उन्होंने समाज एवं विचारों में नारी का समुचित आदर करने तथा सम्मान देने का संदेश दिया। ललित नरेंद्र महाराज ने तेरे चरण कमल में श्याम लिपट जाऊं रज बन के भजन की प्रस्तुति दी जिससे श्रद्धालु झूम उठे। उन्होंने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वही देवी देवता निवास करते हैं। इस दौरान नन्हे बालक ध्रुव की झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के आयोजन में समिति के एमके नामदेव, कृष्ण मुरारी श्रीवास्तव, लक्ष्मी प्रसाद मिश्रा, रमेश केडिया, रमेश सिंह, सौरभ बाजपेई, अवधेश तिवारी, संजय शर्मा, नीरज नामदेव, समुद्र साईं, शिवजी पांडे, सतीश शुक्ला, ओमप्रकाश तिवारी सहित अन्य सक्रिय रहे। मुख्य यजमान कृष्णा प्रसाद और गंगाजली हैं।

अमेरा खदान के सब स्टेशन समीप पॉवर केबल काट ले गए चोर, विद्युत व्यवस्था हुई बाधित

बिश्रामपुर। सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र के अधीन संचालित एसईसीएल बिश्रामपुर के अमेरा खुली खदान परियोजना में रोजाना बड़ी मात्रा में कोयला चोरी के साथ अब शीत ऋतु के आगमन के साथ बदमाश युवक खदान में रात्रि में प्रवेश कर केबल काट ले रहे हैं,विजयादशमी की रात को भी खदान के सब स्टेशन समीप लगे पॉवर केबल को काट पार कर दिया गया जिससे सबस्टेशन से विद्युत प्रवाह बाधित हो गया, अगले दिन प्रातः खदान के विद्युत कर्मी मौके पर पहुंचकर विद्युत व्यवस्था को बहाल कराया है,बताया गया कि चोर ताम्बा को पाने की लालच मेंबेशकीमती केबल को काट दे रहे हैं,इससे बचने प्रबंधन अब एल्यूमीनियम वाले केबल खदानों में लगाने की तैयारी में है जिससे चोरी की घटनाओं को कम किया जा सके।प्रबंधन ने मामले की लिखित सूचना लखनपुर थाने में दी है।चोरी से प्रबंधन को कितने की क्षति पहुंची है यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया रावण दहन

लखनपुर में परंपरा के अनुसार एक दिन बाद मना दशहरा



धू-धूकर जलता रावण का पुतला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी का पर्व लखनपुर में अपनी विशिष्ट परंपरा के अनुसार एक दिन बाद हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरगुजा रियासत और यहां के ऐतिहासिक गढ़ से जुड़ी दशहरे की यह परंपरा आज भी क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बनी हुई है। बुधवार को साक्षरता मिनी स्टेडियम में आयोजित भव्य दशहरा समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने रावण दहन किया। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी और विशेष रूप से तैयार की गई और 3डी आतिशबाजी ने लोगों का मन मोह लिया। रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मिनी स्टेडियम पहुंचे।

खास बातें

- 1974 में छोटे स्तर पर शुरू हुआ था रावण दहन, 1990 से दशहरा सेवा समिति करा रही भव्य आयोजन
- 3डी आतिशबाजी बनी आकर्षण का केंद्र

साक्षरता मिनी स्टेडियम में आयोजित दशहरा समारोह में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने रावण दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। रावण का पुतला धू-धूकर जलते ही पूरा मैदान जयकारों और तालियों से गूंज उठा। रंग-बिरंगी आतिशबाजी और 3 डी आतिशबाजी के विशेष प्रदर्शन ने आयोजन को और आकर्षक बना दिया। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में विधायक प्रबोध मिंज सहित नरेंद्र पांडे, सुरेश साहू, कृपा शंकर गुप्ता, राकेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, दिनेश साहू और राकेश साहू समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। गौरतलब है कि लखनपुर में साक्षरता मिनी स्टेडियम में रावण दहन की शुरुआत लगभग वर्ष 1974 में छोटे स्तर पर हुई थी। धीरे-धीरे यह आयोजन क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल हो गया। वर्ष 1990 से दशहरा सेवा समिति के माध्यम से रावण दहन कार्यक्रम को व्यवस्थित और भव्य स्वरूप दिया जाने लगा। समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजन की परंपरा आगे बढ़ती रही। समय के साथ आयोजन में आधुनिक तकनीक और आकर्षक आतिशबाजी का समावेश हुआ। इस वर्ष 3 डी आतिशबाजी विशेष आकर्षण रही। दशकों से चली आ रही यह परंपरा आज भी लोगों को एक साथ लाने और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का माध्यम बनी हुई है।

राजपरिवार और ऐतिहासिक गढ़ से जुड़ी है एक दिन बाद दशहरा मनाने की परंपरा

अंबिकापुर से लगभग 20 से 25 किलोमीटर दूर स्थित लखनपुर का इतिहास सरगुजा रियासत और यहां के राजपरिवार से जुड़ा रहा है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार पूर्व में सरगुजा महाराजा की उपस्थिति में अंबिकापुर में दशहरे का भव्य आयोजन होता था। लखनपुर सहित रियासत के विभिन्न क्षेत्रों के राजपरिवारों के सदस्य इस अवसर पर महाराजा से मुलाकात करने और उत्सव में शामिल होने पहुंचते थे। इसी ऐतिहासिक परंपरा को लखनपुर में एक दिन बाद दशहरा मनाए जाने की वजहों में से एक माना जाता है। एक अन्य स्थानीय मान्यता तत्कालीन शासक लाल बहादुर माहेश्वरी सिंहदेव के निधन से जुड़ी बताई जाती है। कहा जाता है कि दशहरे के दिन उनके निधन के बाद राजपरिवार में शोक के चलते अगले दिन पर्व मनाने की परंपरा प्रचलित हुई। हालांकि इन मान्यताओं की ऐतिहासिक पुष्टि के लिए पुराने राजकीय अभिलेखों का अध्ययन आवश्यक है।

गढ़ के सामने लगता था दशहरा मेला

लखनपुर का पुराना गढ़ यहां के गौरवशाली अतीत की याद दिलाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार पहले गढ़ के सामने दशहरे का मेला लगता था, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होते थे। राजपरिवार के सदस्य लोगों से मुलाकात करते और उत्सव में सहभागिता निभाते थे। समय के साथ मेले का स्वरूप बदला और पुरानी रौनक में कमी आई, लेकिन इस परंपरा से जुड़ा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व आज भी कायम है।

परंपरा, आस्था और आधुनिकता का संगम बना लखनपुर का दशहरा

लखनपुर का दशहरा केवल रावण दहन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के इतिहास, राजपरिवार की विरासत और पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। वर्ष 1974 में छोटे स्तर पर शुरू हुआ रावण दहन आज भव्य आयोजन का रूप ले चुका है। आधुनिक तकनीक और 3डी आतिशबाजी ने इसमें नया आकर्षण जोड़ा है, वहीं एक दिन बाद दशहरा मनाने की परंपरा लखनपुर को अलग पहचान देती है। बदलते समय के बीच लखनपुर वासियों ने अपनी इस विशिष्ट परंपरा को जीवंत रखा है। यही वजह है कि हर वर्ष दशहरा सामाजिक एकजुटता, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक गौरव का अवसर बनकर सामने आता है।



श्री राम-रावण महायुद्ध और शानदार आतिशबाजी ने बांधा समां

प्रतापपुर में धूमधाम से हुआ विशाल रावण दहन, उमड़ी लोगों की भीड़

प्रतापपुर। नगर के स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में मां दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड के तत्वावधान में दशहरा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान 55 फीट ऊंचे रावण तथा 50-50 फीट ऊंचे मेघनाथ और कुंभकरण के विशाल पुतलों का दहन किया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस आयोजन को देखने के लिए प्रतापपुर नगर सहित विकासखंड के गांव-गांव से बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और युवा पहुंचे।

दशहरा महोत्सव में आकर्षक आतिशबाजी, रंग-बिरंगी रोशनियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उत्सव की रौनक बढ़ा दिया। आसमान में बिखरती रंगीन रोशनियों और आकर्षक आतिशबाजी के नजारे ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। दशहरा महोत्सव का सबसे आकर्षक भगवान श्रीराम और रावण के बीच महायुद्ध रहा। रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के विशाल पुतलों के दहन के दौरान आतिशबाजी का शानदार नजारा देखने को मिला। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ कार्यक्रम देखने पहुंचे। प्रतापपुर का दशहरा महोत्सव पूरे उत्साह, उमंग और भक्तिमय वातावरण के बीच संपन्न हुआ। आयोजन ने एक बार फिर बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देते हुए नगरवासियों के मन में धर्म, सत्य और मर्यादा के प्रति आस्था को और मजबूत किया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, अनमोल शर्मा, संरक्षक कमलेश गुप्ता, अरविंद जायसवाल, मुकेश अग्रवाल,नवीन सोनू जायसवाल, मुकेश तायल,सूरज रजक, शुभम कश्यप, संजय जायसवाल, अंकित जायसवाल, आयुष अग्रवाल, सूर्या अग्रवाल, एवं सुमित गुप्ता, सोनू कश्यप, मनीष तायल, गोलू अग्रवाल,सूर्या अग्रवाल, सहित समिति के सदस्य सक्रिय रहे।

हाई स्कूल ग्राउंड में किया गया रावण दहन

बलरामपुर। हाई स्कूल ग्राउंड में दशहरे के अवसर पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के मुख्य अतिथि तथा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के विशिष्ट स्थिति में विशाल रावण दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर द्वारा संबोधित किया गया एवं बुराई पर अच्छाई के जीत के विषय में अपने विचार व्यक्त किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन हार नहीं सकता हमेशा सत्य की ही विजय होती है। दशहरे के अवसर पर रावण दहन का जो कार्यक्रम रखा गया है असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज हम रावण को मार करके बुराई पर अच्छाई की जीत मना रहे हैं लेकिन सिर्फ रावण को मार देने से बुराई खत्म नहीं हो जाती हमें अपने अंदर छिपे हुए बुराइयों को भी रावण के साथ आज समाप्त करना होगा। पुलिस लाइन कॉलोनी के छोटे-छोटे बच्चों की राम दरबार की टोली पहुंची। टोली में छोटे-छोटे बच्चे राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान बने हुए थे। बच्चों की राम दरबार की टोली रावण दहन ग्राउंड में पहुंची टोली के पहुंचते ही पूरा ग्राउंड जय श्री राम के नारे से गूंज उठा। राम दरबार की टोली द्वारा रावण को आग लगाकर के रावण दहन किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी, मुकेश गुप्ता, जितेंद्र श्रीवास्तव, अजय यादव, राजेश गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, बंसीधर गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, योगेश गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता, गौतम सिंह, राकेश सिंह, मनीष सिंह, भानु प्रकाश दीक्षित, रविंद्र गुप्ता सहित पूजा पूजा समिति और छठ पूजा समिति के कार्यकर्ता मौजूद रहे।






कोयलांचल समेत नगरीय क्षेत्र में आतिशबाजी की गूंज के साथ हुआ रावण दहन

बिश्रामपुर। असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व मंगलवार को कोयलांचल सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। शारदीय नवरात्र के समापन के बाद मंगलवार की रात विभिन्न आयोजन स्थलों पर दशहरे की रौनक देखने को मिली। भव्य आतिशबाजी के बीच विशालकाय रावण के पुतलों का दहन किया गया और लोगों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की विजय का उत्सव मनाया। नगर के गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। वहीं सिलफिली हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में पिलखा सेवा समिति के नेतृत्व में आयोजित विजयादशमी महोत्सव में मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में रावण दहन का आयोजन किया गया। दोनों स्थानों पर आतिशबाजी के बीच रावण दहन के साथ विजयादशमी के उल्लास ने माहौल को उत्सवी बना दिया। इसके अलावा क्षेत्र की आस्था के प्रमुख केंद्र आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर प्रांगण केनापारा, राजापुर, डेडरी और पार्वतीपुर में भी भव्य आतिशबाजी के साथ विशालकाय रावण के पुतलों का दहन किया गया। अलग-अलग स्थानों पर आयोजित इन कार्यक्रमों के जरिए लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत के पौराणिक प्रसंग को याद किया। शारदीय नवरात्र के दौरान देवी आराधना में लीन रहे क्षेत्रवासियों ने विजयादशमी के साथ ही शारदीय पर्व का समापन उत्साहपूर्वक किया। ज्ञात हो कि विजयादशमी केवल रावण के पुतले को जलाने का पर्व नहीं, बल्कि अहंकार, अन्याय और नकारात्मक प्रवृत्तियों को त्यागने की प्रेरणा देने वाला उत्सव भी है। पर्व ने लोगों को सत्य के मार्ग पर चलने और सदाचार अपनाने का संदेश दिया। पार्वतीपुर में विजयादशमी महोत्सव को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष चंद्रदेव तिर्की,उपाध्यक्ष मुन्ना भगत,संतकुमार एक्का,बलवीर राजवाड़े व अन्य सक्रिय रहे।

- गौरीशंकर मंदिर ग्राउंड में क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह और सिलफिली में मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े रहे मुख्य अतिथि



नवरात्रि व दशहरा पर तुलसी साहित्य समिति का सरस कवि-सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शारदीय नवरात्रि व दशहरा के उपलक्ष्य में तुलसी साहित्य समिति द्वारा रामनारायण शर्मा की अध्यक्षता में सरस-कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। शुभारंभ मां वागीशा व मां भगवती के पूजन-अर्चन तथा महाकवि तुलसी, एसपी जायसवाल व बीडी लाल द्वारा विरचित विभिन्न रामायणों के आंशिक पाठ से हुआ। पं.रामनारायण शर्मा ने नवरात्रि के साथ विजयादशमी पर्व के विषय में भी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि असत्य पर सत्य व बुराइयों पर अच्छाइयों के विजय का प्रतीक है दशहरा पर्व। मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम का अवतार दुष्टों के विनाश, संतों की रक्षा और धर्म की संस्थापना के लिए हुआ था। राम ने अंहकारी व आततायी लंकापति रावण का उसकी सेना सहित संहार किया।

आज वही निशाचरी संस्कृति आतंकवाद के रूप में पूरी दुनिया को संत्रस्त कर रही है। हिंसा, हत्या, अन्याय, अधर्म, अत्याचार, लूटमार, बदले की भावना, धार्मिक अतिवाद, अराजकता आम हो चली है। पं.सचिदानंद पांडेय ने श्रीराम को स्त्रियों के मान-सम्मान का रक्षक-समर्थक बताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा स्त्रियों के साथ मर्यादित व्यवहार करने के उपदेश ही नहीं दिए बल्कि उसे अपने जीवन में भी अपनाया। कार्यक्रम को पेंशनर्स समाज के जिलाध्यक्ष हरिशंकर सिंह, राजभाषा आयोग के समन्वयक राजेश तिवारी व कविवर एसपी जायसवाल ने भी संबोधित किया और सभी को नवरात्रि व दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं। कवि-सम्मेलन में मुकुंदलाल साहू ने अपने दोहे में मन के रावण का विनाश करने का आह्वान किया



सभी मनाते दशहरा, है यह पावन रीत। मन का रावण मारिए, तो मानूंगा मीत। कवयित्री आशा पांडेय ने अपने दोहे में माता-पिता का मान रखने की प्रतिबद्धता जताई- शैलराज की लाड़ली, ऐसा देना ज्ञान। मात-पिता का रख सकूं, दुनिया में मैं मान। डॉ.पूनम दुबे वीणा ने अंबे की अनुकंपा पाने की सहज उपाय सुझाए उतारो सभी आरती, माता की खिले मुस्कान। ओढ़ाओ मां को चुनरी, पूरे करेगी अरमान। डॉ. माधुरी जायसवाल ने मां पार्वती से दर्शन देने का अनुरोध किया- खोल केवाड़ी दाई दर्शन दे-दे दाई, मैं जाहूं गोड़ ला धोए बर दाई मोर, ऐ महामाया दाई, मैं जाहूं गोड़ ला धोए बर। वरिष्ठ कवि बीडी लाल ने मां महामाया को अपने गीतों का हार समर्पित किया- यह गीत तुम्हारी पूजा का हार बने तो हरषाऊं, नैनों में तेरे सपनों के, मनुहार बने तो मुस्काऊं। जय गुप्त ने भवानी से विनय-निवदेन किया- चली आओ मैया तुम, हमारे मन के आंगन में, उतर आओ दिलों में भी, भावों के चिंतन में। गीतकवि कृष्णकांत पाठक ने मां गिरिजा को अंतर्यामी बताया। कवयित्री आशा मिश्रा ने नवरात्र में जगन्माता के सभी स्वरूपों का वर्णन कर उनकी पूजाविधि को अपनी कविताओं में पिरोया। कवि रामलाल विश्वकर्मा ने मातृशक्ति की आराधना करते हुए कहा कि- गोद से उसकी निकलती विश्व की सब शक्तियां, वह प्रेम की प्रतिमूर्ति और दया की खान होती है, क्योंकि वह मां होती है। प्रताप पांडेय ने भी हर परिस्थिति में भी मां के सही होने का विश्वास जताया। इनके अलावा कवि-सम्मेलन में आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर की कविता- कंटक की कली हूं, मात-पिता का पता नहीं, एसपी जायसवाल की- जरा ध्यान रखना, ना दिल दुखाना किसी का, अम्बरीष कश्यप की- देखकर लहरों के मिजाजों को, रोकना पड़ता है जहाजों को, चंद्रभूषण मिश्र की- देखकर वो अपनी नजरें झुका लेते हैं, श्यामबिहारी पांडेय की रचना- जो कौम यहां सो जाती है, इतिहास दफन कर देता है, अजय सागर की- जैसे रंग लाती है मेहंदी खुद के पिस जाने के बाद, टांगेगी तस्वीर में माला, मेरे चल देने के बाद व विनोद तिवारी की हास्यपरक कविता को श्रोताओं ने सराहा और उनका भरपूर आनंद भी उठाया। धन्यवाद-ज्ञापन पेंशनर्स समाज के जिलाध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने किया। इस दौरान लीला देवी, केके त्रिपाठी, विजयप्रसाद गुप्ता, प्रदीप सोनी, मनीलाल गुप्ता, आरके सिंह, नीलिमा जायसवाल, ईश्वर, प्रमोद सहित काव्यप्रेमी मौजूद रहे।

विजयादशमी पर पुलिस अधीक्षक ने किया विधि-विधान से शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक पर्व विजयादशमी के अवसर पर पुलिस ने अपनी गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए अस्त्र-शस्त्र एवं शासकीय वाहनों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंगलवार को रक्षित केंद्र में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल सहित पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं जवानों ने सहभागिता की।

प्राचीन परंपरा के अनुसार विजयादशमी के अवसर पर देवी अपराजिता एवं मां रणचंडी की आराधना के साथ अस्त्र-शस्त्रों का पूजन किया जाता है। इसी परंपरा के अनुरूप शस्त्रों एवं वाहनों की पूजा-अर्चना कर कर्तव्य, साहस, पराक्रम और जनसेवा के प्रति समर्पण के संकल्प दोहराया। रक्षित केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के साथ अस्त्र-शस्त्र तथा शासकीय वाहनों की विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा संपन्न होने के पश्चात विजयादशमी के अवसर पर हर्ष फायर भी किए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री पटेल ने जिले के समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों एवं जिले वासियों को विजयादशमी की बधाई देने के साथ सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की मंगलकामना की। विजयादशमी के अवसर पर जिले के सभी थाना एवं चौकी परिसरों में भी परंपरागत रूप से अस्त्र-शस्त्रों एवं शासकीय वाहनों की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन, सीएसपी बेनार्ड कुजूर, एसडीओपी अनूप एक्का, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना-चौकी प्रभारी, शस्त्रागार प्रभारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



विजयादशमी पर एसपी ने पुलिस लाईन में किया शस्त्र पूजन

बलरामपुर। मंगलवार को विजयादशमी महापर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर ने पूर्व परम्परा के अनुसार पुलिस लाईन बलरामपुर में विधि विधान से शस्त्र पूजन करते हुये मां दुर्गा की आरती की गई। शस्त्र पूजन के उपरान्त एसपी एवं एएसपी ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार विजयादशमी के अवसर पर बलरामपुर रामानुजगंज जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों के द्वारा भी थाना चौकी परिसर में शस्त्र हथियारों पर पुष्प और तिलक लगाकर मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से शस्त्र पूजा की गई।इस दौरान एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, डीएसपी मो. याकूब मेनन, प्रमोद किस्पोट्टा, रक्षित निरीक्षक विमलेश कुमार देवांगन एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय व रक्षित केंद्र बलरामपुर के पुलिस बल उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप



पूजा अर्चना के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा का किया गया विसर्जन

रामानुजनगर। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति व नव युवा माँ दुर्गा समिति के तत्वावधान में माँ दुर्गा की स्थापना के बाद लगातार नौ दिनों तक पूजा-अर्चना, आरती और महाप्रसाद वितरण के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा का विधि विधान पूर्वक विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रानी मैदान व शिव मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ दुर्गा नवमी का आयोजन किया गया। दशहरे के अवसर पर रानी मैदान में विशाल रावण का दहन किया गया। इस अवसर पर भक्ति, शक्ति और सांस्कृतिक आस्था को लेकर विविध आयोजन आयोजित किए गए। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष हजारी लाल साहू के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के आने-जाने, पूजा, साफ-सफाई सहित व्यापारियों को ध्यान में रखते हुए मैदान पर लगभग 15 दुकानों का निर्माण कराया गया। वहीं छोटे बच्चों और माता-बहनों की खुशी को दोगुनी करने के उद्देश्य से मीना बाजार में झूला सहित अनेक प्रकार के मनोरंजन के साधन लगवाए गए थे। रामानुजनगर के परशुरामपुर, पतरापाली, द्वारिकापुर, छिंदिया, गणेशपुर, सुरता, उमापुर, देवनगर, भुनेश्वरपुर, सेंदुरी, महगई, आमगांव के अलावा अन्य ग्राम पंचायतों में भी दुर्गा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र में दशहरे के अवसर पर सभी जगह रावण दहन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए थाना प्रभारी ने श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया था। बुधवार को दुर्गा विसर्जन के दौरान भी भीड़ को देखते हुए पुलिस बल सक्रिय रही। देर रात तक नगर भ्रमण के पश्चात दुर्गा विसर्जन किया गया।

सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को नम आंखों से दी विदाई



बिश्रामपुर। कोयलांचल समेत नगरीय क्षेत्र में नौ दिनों तक शक्ति की आराधना के बाद बुधवार को शारदीय दुर्गोत्सव का समापन श्रद्धा और भावुकता के बीच हुआ। नगर के बंगाली कल्चरल एसोसिएशन में महिलाओं ने पारंपरिक सिंदूर खेला की रस्म निभाकर मां दुर्गा को विदाई दी। इस दौरान बंगाली संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिली। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित करने के बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगाया और अखंड सौभाग्य, सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। बंगाली समाज की इस विशेष परंपरा में उत्साह के साथ मां के विदा होने की भावुकता भी झलकी। इसके पश्चात पूजा समितियों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। आयोजन में मिला कर, नीलू कर, मुक्त भट्टाचार्य, मौली नंदी, सीमा विश्वास, नयनतारा राय, पिंकी पाल, संगीता नंदी, विजयपाल, काकोली भट्टाचार्य, झरना अधिकारी, रिंकू सिन्हा, डोली मित्रा, गीता घोषाल, सपना घोषाल, प्रीति घोषाल सहित समाज की अन्य महिलाएं शामिल रहीं। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से अगले वर्ष फिर आगमन की प्रार्थना करते हुए भावभीनी विदाई दी।

सड़क दुर्घटना, सांप काटने सहित अन्य घटना में हुए थे गंभीर

दशहरा की खुशियां मातम में बदली, अलग अलग घटनाओं में 7 लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दशहरा त्योहार की खुशियां उस समय कई परिवार के लिए मातम में बदल गया जब अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए 7 लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सड़क दुर्घटना, सर्पदंश, फांसी लगाने, कीटनाशक पीने व अत्यधिक शराब पीने से हुए थे गंभीर। सभी को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सभी मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

खास बात
- सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, तीन की हालत गंभीर

जानकारी के अनुसार कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम पियार टोली निवासी लक्ष्मण आ. बुधराम बरगाह (16 वर्ष) मंगलवार को दशहरा उत्सव में शामिल होने बाइक से गया था। दशहरा कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही रेहड़ा बाजार के समीप पहुंचा तभी कार क्रमांक जेएच 01 जीजे 5694 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिय। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। कोतमा अंतर्गत ग्राम बसखली निवासी इंद्रपाल सिंह आ. स्व. उदय सिंह (25 वर्ष) दशहरा के दिन दुर्गा पूजा देखने गांव के ही राजेश व भीखम के साथ बाइक से मनेन्द्रगढ़ आ रहे थे। जैसे ही बाइक सवार घुघरा टोला खोंगापानी के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात पिकअप के चालक ने टक्कर मार दी जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने तीनों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां इन्द्रपाल की उपचार के दौरान मौत हो गई वही एक घायल को परिजन छुट्टी कराकर ले गए जबकि दुर्घटना में घायल एक युवक को उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है।

वहीं एक अन्य घटना में पत्थलगांव अंतर्गत ग्राम रैरूमाकला सुखरापारा निवासी प्रेरणा महंत आ. बंधन राम महंत (24 वर्ष) शहर के जेजे अस्पताल के समीप किराए के मकान में रहकर काम करती थी। दशहरा के दिन बहन कपड़ा छोड़ने आई थी। शाम को प्रेरणा अपने परिचित युवक हर्ष के साथ बहन को छोड रघुनाथपुर की ओर गई थी। बहन को छोड़ने के बाद प्रेरणा और हर्ष वापस लौट रहे थे और जैसे ही रघुनाथपुर के समीप पहुंचे तभी कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक व युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर कार में फंस जाने से युवती कुछ दूर घसीटते चली गई। दुर्घटना में घायल हुए युवती व युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आईसीयू में युवती ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम किया है।

पत्नी को फोन कर युवक ने लगा ली फांसी, मौत

युवक ने न सिर्फ पत्नी को फोन कर फांसी लगाने बात बताई बल्कि फोन कटने के बाद फांसी लगा लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार शहर शीतला वार्ड निवासी मुकेश यादव आ. कामेश्वर यादव (28 वर्ष) बीती रात लगभग 8 बजे पिछले एक माह से मायके में रह रही पत्नी को फोन किया और बताया कि वह फांसी लगाने जा रहा है। पति के फांसी लगाने की बात कहने से पत्नी तत्काल रिश्तेदार को फोन कर घटना के संबंध में रिश्तेदारों को सूचना दी इधर जब घटना की जानकारी पिता को पता चला तो वह पुत्र के कमरे की खिड़की से देखा तो पुत्र मुकेश फांसी में लटका हुआ था। परिजन किसी तरह दरवाजा खोलने के बाद युवक को फांसी से उतार तत्काल मेडिकल कॉलेज लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया।

कीटनाशक पीने से गंभीर दो लोगों की मौत

कुनकरी अंतर्गत ग्राम बहरापारा निवासी विपिन तिर्की आ. गबरेल (52 वर्ष) 15 अक्टूबर को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया था। परिजन ग्रामीण को कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में जशपुर अंतर्गत लक्ष्मीनगर कॉलेज मार्ग निवासी अनीता बाई पति रूपचंद (51 वर्ष) दशहरा के दिन परिजन स्नान करने गए थे तभी महिला अज्ञात कारण से कीटनाशक पी ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन महिला को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

अत्यधिक शराब पीने से ग्रामीण की मौत

गांधीनगर अंतर्गत ग्राम कृष्णापुर निवासी गुलाब पैकरा आ. स्व. चंद्रभान (40 वर्ष) पिछले दो दिनों से शराब पी रहा था। गत दिन शराब पीने के पश्चात पेट में दर्द होने की शिकायत की। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां आपातकालीन कक्ष में चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।



नम आंखों से मां दुर्गा को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व का समापन नगर समेत क्षेत्र में माँ दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। नौ दिनों तक चलने वाली अखंड पूजा, अर्चना और उपासना के बाद भक्तों ने बेहद धूमधाम, हर्षोल्लास और नम आँखों के साथ माता रानी को विदाई दी।

- धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ हुआ प्रतिमा विसर्जन

सुबह से ही पूजा पंडालों में विसर्जन की तैयारियां शुरू हो गई थीं जिससे पूरा माहौल भक्तिमय और उत्सव के रंग में डूबा नजर आया। प्रतिमा विसर्जन से पहले पंडालों में महिलाओं द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया गया। महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर उनकी आरती उतारी और फिर आपस में जमकर सिंदूर खेला और एक-दूसरे को लाल गुलाल लगाकर सुख समृद्धि की कामना के साथ विजयादशमी की बधाई दी। इसके बाद दोपहर में जयस्तंभ चौक, मध्यनगरिय समिति एवं लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम से माँ दुर्गा की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। सजे-धजे वाहनों और रथों पर सवार माता रानी के अंतिम दर्शन के लिए सड़कों पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। शोभायात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों, ताशों और डीजे की जोशीली धुनों पर युवा,बच्चे और बुजुर्ग सभी झूमते-गाते नजर आए।पूरा नगर जय माता दी, दुर्गा माता की जय और अगले बरस तू जल्दी आ के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा। हवा में उड़ते अबीर-गुलाल ने विसर्जन मार्ग को पूरी तरह सतरंगी बना दिया था। जगह-जगह स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों द्वारा विसर्जन जुलूस पर पुष्पवर्षा की गई और भक्तों के लिए स्टॉल लगाकर स्वागत किया गया। नगर भ्रमण के बाद बारी बारी से दुर्गा माता की प्रतिमा के साथ निकली शोभायात्रा मांड़ नदी पहुंची जहां देर शाम तक वैदिक मंत्रोच्चार और महाआरती के साथ माँ दुर्गा की प्रतिमाओं को पवित्र जल में विसर्जित किया गया। माता की विदाई के वक्त नदी तट पर भक्तों की आँखें छलक आईं। सभी भक्तों ने क्षमा याचना एवं जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करने अगले बरस तू जल्दी आ के प्रार्थना के साथ माँ को अंतिम विदाई दी।



कनकपुर सिलफिली स्थित सशस्त्र बल की दसवीं बटालियन में शहीदों को नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार, 21 अक्टूबर को कनकपुर-सिलफिली स्थित छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की दसवीं बटालियन में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरगुजा रेंज के आईजी दीपक झा ने परेड की सलामी ली और एक सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 के बीच देशभर में शहीद हुए 154 जवानों के नामों का वाचन किया,इसके बाद शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर सपूतों को नमन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े,कमिश्नर नरेंद्र दुग्गे,सरगुजा कलेक्टर अजीत बसंत, सूरजपुर कलेक्टर रेना जमील, सूरजपुर एसपी योगेश पटेल,अंबिकापुर एसपी राजेश अग्रवाल,डीएफओ विपुल अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन सहित अन्य अधिकारी और शहीद जवानों के परिजन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

- 154 वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

छत्तीसगढ़ के छह जवानों ने दिया सर्वोच्च बलिदान

देशभर में शहीद हुए 154 जवानों में छत्तीसगढ़ के छह जवान शामिल हैं। इनमें इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, हेड कांस्टेबल बदादी मोहन, बस्तर फाइटर के कांस्टेबल परमानंद कोर्राम, संजय गडपाले, दुकारू राम गोंडे और कृष्ण कोमरा के नाम शामिल हैं।

शहीदों का बलिदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा : आईजी

मुख्य अतिथि आईजी दीपक कुमार झा ने अपने संबोधन में कहा कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में देश की रक्षा करते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवान चीनी सैनिकों के साथ संघर्ष में शहीद हो गए थे। इन वीर जवानों का अंतिम संस्कार हॉट स्प्रिंग में किया गया था। जनवरी 1960 में दिल्ली में आयोजित पुलिस महानिरीक्षकों के सम्मेलन में निर्णय लिया गया कि वीर पुलिसकर्मियों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों ने देशप्रेम, त्याग और बलिदान की सर्वोच्च परंपरा स्थापित की है। उनके बलिदान से आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी और वे देशप्रेम व कर्तव्यनिष्ठा का बोध कराते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में परेड दल ने शहीद जवानों को सलामी दी। इसके बाद मुख्य अतिथि सहित अन्य अधिकारियों ने शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं तथा शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में दसवीं बटालियन के कमांडेंट प्रशांत कतलम सहित बटालियन के अधिकारी, कर्मचारी और जवान उपस्थित रहे।

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

बलरामपुर। बुधवार को जिला मुख्यालत स्थित रक्षित केंद्र में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इकाई अंतर्गत निवासरत शहीद परिजन को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। उक्त कार्यक्रम में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर, एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी एवं समस्त एसडीओपी व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।कार्यक्रम में सर्वप्रथम परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक विमलेश कुमार देवांगन द्वारा पुलिस अधीक्षक के आगमन पर उन्हें सलामी दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा संपूर्ण भारत में कर्तव्य की वेदी पर शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों की नामावली का वाचन किया गया। इसके बाद सम्मान सूची का शहीद स्मारक में संस्थापन एवं शहीदों को सलामी दी गई, तथा उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी, नागरिक एवं शहीद परिजन द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पण की गई। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा शहीद परिजनों को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात परेड कमांडर द्वारा शहीद परेड का शहीद स्मारक के दाएं बाएं से धीरे चाल से मार्च करते हुए प्रस्थान कर कार्यक्रम की समाप्ति की गई। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित शहीद परिजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और उनकी समस्याओं को यथासंभव शीघ्र निराकरण किए जाने की आश्वासन दिया गया।









